प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त पुलिस थानों/कार्यालयों में चलाया गया !! स्वच्छता अभियान !!

आज दिनांक **31.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाईन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर, शस्त्रों एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी।

थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले निरीक्षक सहित 10 पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपहार देकर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनाँक 31.07.2022 को पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में आयोजित विदाई कार्यक्रम में निरीक्षक सहित कुल 10 पुलिसकर्मियों को उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम द्वारा स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये सभी के उज्ज्वल भविष्य व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी।

इसी क्रम में मौजूद समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया व वृक्षों को सरंक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विवरण...

1. निरीक्षक श्री स्वामीनाथ **2.** उ0नि0 श्री राम प्रताप यादव
3. उ0नि0 श्री समरनाथ **4.** उ0नि0 श्री ब्रम्हादीन
5. उ0नि0 श्री विष्णुलाल **6.** उ0नि0 श्री कामता प्रसाद यादव
7. मु0आ0 श्री राजबहादुर **8.** मु0आ0 श्री विजय शंकर मिश्रा
9. आरक्षी श्री रमेश चन्द्र मिश्रा **10.** लीडिंग फायर मैन श्री मक्खन लाल

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण सहित सेवानिवृत्त हुये कर्मियों के पारिवारीजन भी मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.07.2022

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।

आज दिनांक **31.07.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **73** ई-चालान किये गये।

महोबा पुलिस

महोबा पुलिस